फैक्स : 2239825
कार्यालय : (0522)2238858
(0522) 2238859
ई.मेल : upcclko@hotmail.com
alajaykumarlallu@gmail.com

उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी

नेहरू भवन, 10 माल एवेन्यू, लखनऊ-226001

प्रत्रांक : अ-4/656

दिनांक : 06—04—2021

अजय कुमार लल्लू-विधायक
अध्यक्ष

अति आवश्यक

महामहिम राज्यपाल जी,
उत्तर प्रदेश
राज भवन, महात्मा गांधी मार्ग,
लखनऊ—226001

विषयः श्री अजय राय, पूर्व विधायक की सुरक्षा को पुनः बहाल करने की मांग—

आदरणीय महामहिम राज्यपाल जी,

आपका ध्यान विगत फरवरी माह में वाराणसी पुलिस की संस्तुति पर उत्तर प्रदेश विधान सभा में कोअसला और पिंडारा निर्वाचन क्षेत्रों का प्रतिनिधित्व कर चुके माननीय पूर्व विधायक और प्रदेश सरकार में मंत्री रहे श्री अजय राय जी की व्यक्तिगत सुरक्षा वापस लिए जाने की ओर आकृष्ट है। यह स्थिति और भी दुखद है, जब श्री अजय राय जी अपनी सुरक्षा की सेवाओं की प्रतिपूर्ती हेतु वाराणसी पुलिस को भुगतान भी कर रहे थे।

ज्ञातव्य है कि श्री अजय राय अपने बड़े भाई स्वर्गीय अवधेश राय की हत्या के चश्मदीद गवाह हैं, जिसका मुकदमा अभी एम.पी. एम.एल.ए. कोर्ट, इलाहाबाद में चल रहा है। यह भी उल्लेखनीय है कि श्री अजय राय ने विगत 6 फरवरी को उत्तर प्रदेश के माननीय मुख्यमंत्री जी को स्वयं पत्र लिखकर पुलिस सुरक्षा हटाए जाने पर चिंता जाहिर की थी। किन्तु उस पर कोई कार्यवाही न होकर जो शेष सुरक्षा मिली थी, उसे भी हटा लिया गया, यह दुर्भाग्यपूर्ण है। यदि राजनीतिक कारणों से श्री अजय राय जी जैसे राजनीतिक व्यक्ति के जीवन को खतरा होता है तो प्रदेश सरकार उत्तरदायी होगी।

आदरणीय महामहिम जी, आप सहमत होंगी कि इस प्रकार की गंभीर स्थिति से बचना हम सभी का दायित्व है।

चूंकि श्री अजय राय जी सुर्खियों में रहे अपने भाई के हत्याकांड के महत्वपूर्ण गवाह हैं और अपराधियों को सजा दिलाए जाने में एक महत्वपूर्ण कड़ी हैं, इसलिए उनकी जान को अपराधियों की तरफ से लगातार खतरा बना हुआ है।

उपरोक्त सभी तथ्यों के दृष्टिगत आपसे निवेदन है कि आप राज्य सरकार को तत्काल निर्देश जारी करें कि श्री अजय राय जी की निरंतर सुरक्षा तत्काल बहाल की जाए। राज्य सरकार को आपके इस मूल्यवान निर्देशों के लिए हम आभारी रहेंगे।

आपके दीर्घायु और स्वस्थ जीवन की कामना सहित, धन्यवाद।

आपका शुभेच्छु,

अजय कुमार लल्लू

(अजय कुमार लल्लू)